तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4

एनएसएस–यूनिसेफ द्वारा संयुक्त ग्राम संपर्क अभियान



## खबर संक्षेप

### व्यवसायी के गोदाम से 150 बोरी अवैध धान जब्त

**प्रतापपुर।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही धान की कालाबाजारी पर प्रशासन द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रशासनिक टीम ने गोदाम में स्टॉक रखने वाले महामाया कृषि सेवा केंद्र नवाडीह संचालक सुनील गुप्ता द्वारा लगभग 150 बोरी धान का अवैध भंडारण किया गया था जिसे जब्त किया। कार्रवाई में फूड अधिकारी शशि जायसवाल, नायब तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई से क्षेत्र में हो रही धान की कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ग्राम सपहा में गोंगपा का आंदोलन जारी

**बिहारपुर।** ग्राम सपहा में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन आंदोलन 6वें दिन भी जारी रहा। ग्राम पंचायत भवन के सामने कार्यकर्ता और ग्रामीण धरना दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक उमेश तिवारी, पटवारी ऋतुराज सिंह एवं भारत राम पैकरा पर किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया तथा उन्हें हटाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है तथा उनके साथ मनमानी किया जा रहा है। मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से की थी। मंत्री के निर्देश पर 14 नवंबर को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया, लेकिन किसानों को न्याय नहीं मिला। मामले में गोंगपा ने रैली निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। तहसीलदार ने 15 दिनों में मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक स्थिति यथावत है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

**सेदम।** शौच के लिए जा रहा युवक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करदना निवासी इस्माईल तिग्गा आ. मंगल तिग्गा (28 वर्ष) शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे शौच हेतु घर के पीछे दरवाजे से शौचालय में जा रहा था। इस बीच धान मिसाई करने खलिहान में घर से लगाए गए बिजली कनेक्शन के टूटे विद्युत तरंगित तार की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर पिता मंगल तिग्गा सवेरे 6 बजे शौच करने बाहर जा रहा था तभी बेटे का शव से टकरा किया जिससे करंट लगने से वह दूर जा गिरा। परिवार के सदस्य बाहर आए और शव को देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर एएसआई नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कोतबा की सड़क में डेढ़ फीट गहरे गड्ढों ने जीना किया मुश्किल

# 39 करोड़ मंजूर, फिर भी सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

कोतबा से बागबहार जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि इस पर चलना मुश्किल हो गया है। इस सड़क के लिए 39 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत होने के बावजूद धरातल पर काम शून्य है। आलम यह है कि राहगीर और नगरवासी 'मौत के गड्ढों' में सफर करने को मजबूर हैं। लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के खिलाफ अब जनआक्रोश फूट पड़ा है और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

कोतबा से बागबहार की सड़क से जनता वर्षों से त्रस्त है। यहां बने बढ़े बढ़े गड्ढे करोड़ों रुपए स्वीकृत होने के बाद भी सड़क में सुधार कार्य नहीं हो रहा है। कोतबा से बागबहार जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसे अब ₹गड्ढों में सड़क₹ कहा जाने लगा है। मुख्य नगर के रिहायसी इलाके जो इस सड़क के दोनों ओर बसे है वह दुकानदारों का बैठना मुश्किल हो गया हैं। भारी वाहनों की आवागमन से मुख्य बस्ती के बीच सड़क पर जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं। जिससे आम जनता राहगीर परेशान हो चुके है ।लोक निर्माण विभाग की उदासीनता और लचर कार्यप्रणाली का खामियाजा कोतबा के रहवासी और राहगीर भुगत रहे हैं।

सड़क की बदहाली को उजागर करने के लिए स्थानीय लोगों ने अनोखा तरीका अपनाया। रहवासियों ने इंची टेप लगाकर सड़क के गड्ढों को नापा, जिसमें डेढ़ से दो फीट गहरे जानलेवा गड्ढे पाए गए। लोगों का कहना है कि यह तस्वीरें सिस्टम की पोल खोलने के लिए काफी हैं।



**स्वास्थ्य पर संकट**

यह मार्ग पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं। वाहनों के कारण उड़ने वाले धूल के विशाल गुबार ने सड़क किनारे के दुकानदारों और रहवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि लोगों का न तो सांस लेना आसान है और न ही दुकानदारी करना।



**तत्काल हो काम:** विभाग के रवैये से नाराज नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और समाजसेवी सुख सागर अग्रवाल ने प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि शासकीय विभाग जनता की सुविधाओं के लिए होते हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग को जनसरोकार से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने मांग की है कि कारगिल चौक से अघरिया पारा तक के रहवासी क्षेत्र में तत्काल मरम्मत कार्य किया जाए।

**बीच सड़क पर करेंगे अनशन:** समाजसेवी सुख सागर अग्रवाल ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द से जल्द इन जानलेवा गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई, तो वे नगरवासियों के साथ सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने साफ किया कि वे बीच सड़क पर बैठकर अनशन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की होगी।

**शीघ्र होगा प्रारंभ :** वर्तमान में अच्छी क्वालिटी की गिट्टी उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मरम्मत कार्य रुका हुआ था। महज दो से तीन दिनों के भीतर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा न हो।

\- एस.के. पैंकरा, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

# खेल के माध्यम से मिलती है अनुशासन की सीख: कौशल्या

- कुडूकेला नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में बेलटोली ने जीता खिताब

**जशपुरनगर।** स्थानीय मैदान में आयोजित नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। लोधमा को 3–1 से हराकर बेलटोली की टीम ने शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली।



खिलाड़ियों के कौशल और टीमवर्क ने दर्शकों को आखिरी मिनट तक बांधे रखा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि "खेल बच्चों और युवाओं में अनुशासन, नियम पालन और आत्मविश्वास बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता की टीम को 31 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय, डी.डी.सी. अनीता सिंह एवं मलिता बाई, जिला मंत्री संतोष सहाय, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, संतन राम, तुलाधार यादव, भारती भगत, असलम आजाद कार्यक्रम के अध्यक्ष, मोहम्मद जमीर स्लाम जिन्ना, सुशन्ति बैग, बसंत बैग,कुलदीप ,बेनी कश्यप,कलेश्वर सिंह, असनूलहक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आने वाले समय में इस टूर्नामेंट को और बड़े स्तर पर कराने की योजना है।

## ऊपरकछार में झारखंड से लाया जा रहा 30 क्विंटल अवैध धान जब्त

**जशपुरनगर।** धान खरीदी सीजन के बीच सरहदी इलाकों में अवैध धान की तस्करी पर रोक लगाने जशपुर पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में थाना तपकरा अंतर्गत चौकी ऊपरकछार क्षेत्र में पुलिस ने झारखंड से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा करीब 30 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। यह धान पिकअप वाहन में भरकर लाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। जब्त धान की कीमत करीब 69 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर की सुबह करीब 5 बजे ऊपरकछार स्कूल के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी।



इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-07-एम-9320 पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा कर ग्राम पोखरा टोली के पास रोक लिया। तलाशी लेने पर पिकअप में 65 बोरियों में भरा करीब 30 क्विंटल धान मिला। वाहन में सवार युवकों ने अपना नाम शिवम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी सिंगी बहार, थाना तपकरा एवं मनोज यादव उम्र 20 वर्ष निवासी गोड़अंबा, चौकी ऊपरकछार बताया। पूछताछ में वे धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।इस पर पुलिस ने धान सहित पिकअप वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि सरहदी राज्यों से अवैध धान परिवहन के विरुद्ध जशपुर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। अवैध धान खपाने की हर कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देश पर शतरंज को बढ़ावा देने हेतु प्रारंभ किए गए चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत आज जशपुर में विकासखण्ड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, जशपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सहाय उपस्थित रहे। जशपुर विकासखण्ड के 18 स्कूलों के 36 खिलाड़ियों के बीच पाँच राउंड की प्रतिस्पर्धा के पश्चात घोषित परिणामों में सावन कुमार केंद्रीय विद्यालय जशपुर ने प्रथम स्थान, रॉलेन रफेल लकड़ा सेंट जोसेफ्स हायर सेकेंडरी शांति भवन जशपुर ने द्वितीय स्थान, पार्थ प्रधान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उ.मा.वि. नवीन आदर्श जशपुर ने तृतीय स्थान, आयुष कुमार साहू शासकीय उ.मा.वि. लोदाम ने चतुर्थ स्थान, अंकित कुमार यादव शासकीय उ.मा.वि. गम्हरिया ने पांचवा स्थान, मिथलेश यादव स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर ने छठवां स्थान, गौरव सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर ने सातवां तथा संदीप राम कल्याण आश्रम उ.मा.वि. जशपुर ने आठवां स्थान प्राप्त किया।

**शीर्ष 8 खिलाड़ी विकासखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व**

ये शीर्ष 8 खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जशपुर विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो पत्थलगांव में आयोजित होगी। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कल्पना टोप्पो, एबीईओ टुमनू गोसाईं सहित व्यायाम शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जशपुर नगर के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि को "सामाजिक समरसता दिवस" के रूप में मनाया गया। इस मौके पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद भगत थे। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब ने हमें संविधान की शक्ति देकर समानता और न्याय का अधिकार दिया है। हम उनके आदर्शों पर संविधान की रक्षा करते रहेंगे। पीएमटी छात्रावास अधीक्षक संतोष कुमार रात्रे ने छात्र - छात्राओं के उत्साह को देखते हुए अपनी खुशी जाहिर की। छात्र प्रतिनिधि हेमराज सिंह ने भी अपने विचार रखे। एबीवीपी के नगर मंत्री मनमोहन सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नव संकल्प के लेक्चरल राजेंद्र प्रेमी, संतोष कुमार रात्रे, सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह एवं सूरज सिंह एवं छात्र छात्राओं एवं एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालयीन प्रमुख सुरेश राम ने किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## सांसद खेल महोत्सव एवं युवा उत्सव संपन्न

# खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें और अच्छा नागरिक बनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास के विशेष पहल एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण व शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयास से क्रमशः विकास खंड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता, सांसद खेल महोत्सव एवं युवा उत्सव 2025 का आयोजन स्वामी आत्मानंद विधालय मनोरा के प्रांगण-मैदान में दिनाँक 6 दिसम्बर 2025 शनिवार को जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा तरुण कुमार पटेल एवं रघुनाथ राम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर शांति भगत जिला पंचायत सदस्य जशपुर हैप्पी कमल कुजूर जनपद उपाध्यक्ष मनोरा सुषमा सिंह पूर्व जनपद सदस्य मनोरा- जगपति भगत, रंजीत भगत, शोषण टोप्पो, कांता भगत, प्रभाकर यादव मंडल अध्यक्ष, रामदास यादव मंडल महामंत्री, यदुनंदन नायक मंडल उपाध्यक्ष, आशुतोष राय, हदीश अंसारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती ⏭ शेष पेज 4 पर

### आपकी उम्र में इसी मैदान में मैं भी खेला करती थी: शांति भगत

तद्उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वागत उदबोधन व शतरंज, युवा उत्सव एवं सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम की पृष्टभूमि पर प्रकाश डाला गया। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती शांति भगत ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा आज इस खेल मैदान में आपको खेलता देख मुझे बहुत अच्छा लगा मैं भी आपकी उम्र में इसी मैदान में खेला करती थी आप सभी को शुभकामनाएं हैं आप जिला में भी अच्छा प्रदर्शन करें अच्छा खेलें अच्छा पढ़ें और अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें।

खबर संक्षेप



## महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने लहराया जीत का परचम

**सेदम।** विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय युवा महोत्सव अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शांति पारा बतौली स्थित खेल मैदान में किया गया। खेल एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में शासकीय महाविद्यालय बतौली के विद्यार्थियों ने बालिका वर्ग के 18 से 40 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी खेलों में बाजी मारी। 18 से 40 आयु वर्ग के एथलेटिक्स के 100 मीटर दौड़ में आरती सिंह मरावी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर मनीषा पैकरा एवं 400 मीटर दौड़ प्रीति पैकरा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। एकल स्पर्धा के साथ सामूहिक खेलों में भी महाविद्यालयीन छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। खो-खो प्रतियोगिता में रेशमी टोप्पो एवं सहेलियों ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी तरह रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में छात्रा ललिता किंडो एवं उनके साथियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरदचंद्र मेषपाल, सेजेस की प्राचार्य प्रसन्ना केरकेट्टा, करदना प्राचार्य राजेश गुप्ता एवं बतौली महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो. तारा सिंह मरावी, प्रो. बलराम चंद्राकर, सुभागी भगत, मधुलिका तिग्गा, जिवियन खेस्स, शिल्पी एक्का, गोपाल यादव, मनीषा एक्का सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेटबॉल चैंपियनशिप में शामिल होंगे सरगुजा के 21 खिलाड़ी



**अंबिकापुर।** 15वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 6 एवं 7 दिसंबर को बिलासपुर में किया जा रहा है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा की महिला एवं पुरुष टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा के सचिव रजत सिंह ने बताया कि जिले से कुल 21 खिलाड़ी राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें पुरुष वर्ग से ओम प्रकाश, सर्वेश दुबे, आयुष्मान, आयुष सिंह, आयुष बारी, विक्की भगत, अभिषेक शर्मा, शिखर ठाकुर, ऋत्विक राज गुप्ता,अमन एवं महिला वर्ग की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, साक्षी तिर्की, प्रियंका पैकरा, रागिनी, अनामिका चौबे, उमा वर्मा, संजना मिंज, नंदिनी, आर्या खलखो, रजनीकांता शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबॉल खेल नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जिले नेटबॉल के प्रति गंभीरता लगातार बढ़ रही है। सरगुजा के खिलाड़ी न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर निशांत सिंह गोल्डी, गौरव सिंह, सौरभ, केपी सिंह, हेमंत तिवारी, हिमांशु जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मिला सीतापुर के पीड़ित परिवारों से



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व एवं महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में एक प्रतिनिधि मंडल ने सीतापुर के उरांव पारा पहुंचकर हाल ही में मारपीट से पीड़ित परिवारों से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने निहाल खलखो पिता रामदेव, अमन खेस पिता प्रकाश और नवीन पैकरा पिता सुखसाय पैकरा के घर जाकर घटना की पूरी जानकारी ली तथा उन्हें हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों द्वारा की गई मारपीट एवं कथित देश-विरोधी नारेबाजी की जानकारी भी सामने आई। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक भाजपा उनका साथ निभाएगी तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था को किसी भी स्थिति में आहत नहीं होने देगी। प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री अरूणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संयोजक निलेश सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, श्रवण दास, अनिल अग्रवाल, त्रिलोचन सदावर्ती, भगत सिंह, विजय गुप्ता, संगीता कंसारी, विष्णु अग्रवाल, रविकांत उरांव शामिल थे।

## डॉ एम निकुंज के निधन उपरान्त दी गई अनुग्रह अनुदान राशि



**सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवारत वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व बीएमओ डॉ. मार्टिन निकुंज के निधन के बाद अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में घरवालों को 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। डॉ. एम निकुंज का विगत 27 नवंबर को उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। उनके निधन के बाद शासन के नियमानुसार उनके पुत्र अभिजीत निकुंज एवं पुत्री अदिति निकुंज को 50 हजार का चेक अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रेम सिंह मार्को, डॉ. राजेश भजगावली, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, बीएमओ सीतापुर डॉ. एसएन पैंकरा, बीएमओ मैनपाट डॉ. आरएसएस पैंकरा, बीपीएम दिलीप कुमार चंद्रा, लेखापाल देवीदयाल सिंह मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जूझ रहे आर्थिक समस्या से

# हर साल सैकड़ों विद्यार्थी छोड़ रहे पढ़ाई, पीजी कॉलेज में प्रवेश लेने वाले 220 हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव किया है तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार लाने के समय ही कौशल विकास पर जोर दिया गया है। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने की संभावनाओं को आसान बनाया गया है इसके बावजूद बड़ी संख्या विद्यार्थी इस बार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हुए तथा पढ़ाई छोड़ दी।

**खास बात**

- आधार कमजोर होना भी बड़ा कारण

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। पाठ्यक्रम को बहुपयोगी बनाने जेनरिक एलेक्टिव के तहत अपनी रूचि के अनुसार दूसरे संकाय का पूरक एक विषय पढ़ने की सुविधा दी गई है। विद्यालयों की प्रतिभा निखारने क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से असाइंमेंट एवं प्रायोगिक कार्य को शामिल किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू होने से वार्षिक परीक्षा का दबाव कम हुआ है। पाठ्यक्रम को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों का कौशल भी निखारा जा रहा है ताकि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर सकें। नए पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को लाभ भी मिल रहा है उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई है। इतना सब कुछ होने के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश तो ले रहे हैं लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हो रहे हैं तथा पढ़ाई छोड़ दे रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्राध्यापकों का कहना है कि कोरोना काल के बाद विद्यार्थियों में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ी है। तथा हर साल बढ़ी संख्या में विद्यार्थी एडमिशन लेने के बाद पढ़ाई छोड़ रहे है। चालू सत्र में अकेले राजीव गांधी पीजी कॉलेज के 220 विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हुए तथा पढ़ाई छोड़ दी। ऐसी स्थिति अकेले पीजी कॉलेज की नहीं बल्कि शहर के सभी कॉलेजों की है।



**रोजगार पर जोर**

प्राध्यापकों का कहना है कि पीजी कॉलेज सहित संभाग मुख्यालय के अन्य कॉलेजों में बड़ी संख्या में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी एडमिशन लेते हैं लेकिन आर्थिक कारणों से परीक्षा फार्म नहीं भर पाते। छात्रावास की सुविधा नहीं होने के कारण भी कई विद्यार्थी आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़कर वापस घर लौट जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई विद्यार्थी पढाई करने के साथ ही दुकानों में नौकरी करते हैं। ऐसे विद्यार्थी पाठ्यक्रम के टेस्ट एवं सेमिनार में नहीं शामिल हो पाते तथा परीक्षा फार्म भरने से अपात्र हो जाते हैं जबकि कई विद्यार्थी अपनी नौकरी में व्यस्त हो जाते हैं तथा पढ़ाई में रूचि नहीं लेते। ऐसे भी विद्यार्थी हैं जिन्होंने 12वीं उत्तीर्ण तो कर लिया है लेकिन मूल विषय की जानकारी नहीं होने के कारण विषय नहीं समझ पाते तथा पढ़ाई छोड़ देते है।

**नहीं है संसाधन**

स्नातक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर दिया गया है तथा अनेक विषयों को शामिल किया गया है। व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत कर दी गई है लेकिन किसी भी कॉलेज में वर्कशॉप एवं फैकल्टी नहीं है जिससे यह औपचारिक खानापूर्ति बनकर रह गया है। जेनरिक एलेक्टिव का कोर पेपर कई विद्यार्थियों को बोझ लग रहा है। जनरल एलेक्टिव विषय को छात्रों की रूचि अनुकूल बनाने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। इस साल प्रवेश लेने वाले कला के 122, कॉमर्स के 22, बीसीए के 5, गणित 47 एवं बायो 24 कुल 220 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए

**चिंता का विषय**

प्रवेश लेने के बाद बीच में पढ़ाई छोड़ना चिंता का विषय है। 30 फीसदी आंतरिक मूल्यांकन कार्यों में शामिल नहीं होने पर कई विद्यार्थी परीक्षा के लिए अपात्र हो जाते हैं जबकि कई व्यक्तिगत कारणों से पढ़ाई छोड़ देते हैं। कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों को अंतिम समय तक फॉर्म भरने की सुविधा दी जाती है। साथ ही दण्ड राशि में भी छूट दी जाती है।

-डॉ.अनिल कुमार सिन्हा
प्राचार्य, पीजी कॉलेज

## एक सप्ताह के भीतर दो घटनाओं ने बढ़ाई अभिभावकों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एक सप्ताह के भीतर घटी दो गंभीर घटनाओं ने न सिर्फ स्थानीय प्रशासन को सतर्क किया है, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी है। पहली घटना नगर में उस समय सामने आई जब महाविद्यालय के कुछ छात्रों द्वारा स्कूल आती-जाती नाबालिग बच्चियों पर कथित रूप से अश्लील फब्तियाँ कसने की शिकायत परिजन ने की।

बच्चियों ने बताया कि विद्यालय जाने के रास्ते में कुछ युवक लगातार छेड़छाड़ व अभद्र टिप्पणियाँ करते थे, जिससे वे भय और तनाव में थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजन ने विरोध जताया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। इसी बीच दूसरी घटना वन वाटिका क्षेत्र से सामने आई, जहाँ संदिग्ध अवस्था में एक युवक और युवती को देखा गया। इस घटना ने भी नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। प्रशासन द्वारा मामले की जाँच की जा रही है, लेकिन दोनों घटनाओं ने स्पष्ट रूप से यह संकेत दिया है कि किशोर उम्र के बच्चों पर बेहतर निगरानी की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरावस्था अत्यंत संवेदनशील होती है और इस दौर में बच्चे परिवेश, मित्रता और सोशल मीडिया से काफी प्रभावित होते हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर सतर्क नज़र रखें। बच्चों के किस प्रकार के लोगों से मेलजोल है, वे मोबाइल में क्या देख रहे हैं, किससे बातचीत कर रहे हैं—इन सभी बातों की समय-समय पर जानकारी लेना आवश्यक है। शिक्षकों और मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि खुला संवाद, भरोसा और समय पर मार्गदर्शन ही बच्चों को गलत दिशा में जाने से रोक सकता है। नगर के कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से स्कूल मार्गों पर गश्त बढ़ाने और किशोरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाने की मांग की है।

## बकाएदारों पर विद्युत मंडल ने की सख्ती, काटे 173 कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरतते हुए विद्युत मंडल ने सक्ती वृत्त में बड़ी कार्रवाई करते हुए 173 बकायादारों के कनेक्शन काट दिए है। इस कार्रवाई के बाद बकायादार उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 दिसम्बर को विद्युत विभाग संभाग के अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी के मार्गदर्शन में सक्ती संभाग अंतर्गत सक्ती शहर, सक्ती ग्रामीण,डभरा ,जैजैपुर एवं बाराद्वार क्षेत्र में सर्किल स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे चाम्पा एवं अकलतरा संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ कुल 22 टीम का गठन किया गया । कुल 374 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 100.61 लाख की दी गई । कुल 170 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 52.25 लाख है । कुल 173 उपभोक्ताओं से 32.78 लाख की वसूली की गई। सघन विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए बकाया विद्युत बिल का भुगतान तुरंत करने की बात कही है। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले 173 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए है। साथ ही उनसे 33 लाख की वसूली भी की गई है।



## मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर किया क्लस्टर भवन का शुभारंभ

**भैयाथान।** विकासखंड के बजा में धन लक्ष्मी महिला समूह क्लस्टर भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने महिलाओं के साथ भवन का अवलोकन किया और इसे ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की संगठन शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामूहिक प्रगति का नया केंद्र बताया। महिला समूहों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह क्लस्टर भवन आगे चलकर प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन और समूहों की गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान बंजा क्लस्टर के 18 गांवों के महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जल जीवन मिशन का दूरस्थ गांव के लोगों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले के दूरस्थ उत्तर प्रदेश सीमा से लगे गांव झारा और कुशफर में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ी राहत पहुंचाई है। वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे इन क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों को अब घर-घर नल से पानी उपलब्ध हो रहा है। पहले ग्रामीणों को 1 से 2 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी होती थी। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल कनेक्शन शुरू होने के बाद लोगों के चेहरों पर खुशी झलक रही है। झारा के कुम्हरपारा में रहने वाले ग्रामीण मानसिंह, शिवकुमार प्रजापति, जलेखा प्रजापति, सुनील प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बताया कि हम पहले रोज़ 1 किलोमीटर से अधिक दूर से पानी लाते थे। अब पानी सीधे घर पहुंच रहा है। इससे काफी राहत मिली है। वहीं कुसफर गांव के रामविलास ने बताया कि हम लोग भी 1–2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर थे। अब जल जीवन मिशन के कारण घर में ही पानी मिल रहा है, जिससे मुश्किलें खत्म हो गई हैं। जल जीवन मिशन के तहत इन दोनों गांवों में प्रभावित सैकड़ों परिवार अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सुविधा उनके दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आई है।



## निर्धारित मानकों की अनदेखी, दो लैब को नोटिस

सक्ती। नर्सिंग होम एक्ट टीम ने जैजैपुर क्षेत्र के 4 पैथालिकल संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 2 संस्थानों में निर्धारित मानको की अनदेखी मामले में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में ओआईसी हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपुत और जिला नर्सिंग होम एक्ट टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पैथोलॉजी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जैजैपुर विकासखण्ड के चार पैथालॉजी संस्थानो, मा गायत्री पैथोलॉजी, आरोग्य पैथोलॉजी, महामाया पैथोलॉजी, लाईफ केयर पैथोलॉजी तथा एम जे डे क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया।

# प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एसईसीएल अंतर सहक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को स्थानीय एकता स्टेडियम में किया गया,आयोजन का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर किया,तत्पश्चात प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट के जरिए मुख्य अतिथि को सलामी दी,प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न सहक्षेत्रों,सेंट्रल हॉस्पिटल सहित कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें चार टीम महिलाओं की थी,दिन भर चले प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया,समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय सिंह के अतिरिक्त शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह,जीएम ऑपरेशन जीके रॉय सहित क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, जेसीसी सदस्य, वेलफेयर,सेफ्टी के सदस्य उपस्थित थे,इस दौरान मुख्य अतिथि जीएम डॉ संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक उपचार का मानव जीवन में बड़ा महत्व है, हम सभी को प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए ताकि जब इसकी आवश्यकता पड़े तो हम किसी की मदद कर सकें,घायल व्यक्ति को अगर समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जीवन बच सकता है,मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के इस आयोजन में चार टीमें महिलाओं की थी जो काफी महत्वपूर्ण बात है यह महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है,उन्होंने कहा कि मनुष्य को हर तरह का हुनर आना चाहि,महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह ने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है,उन्होंने कहा कि महिला परिवार चलाना जानती है अब उन्हें जीवन बचाने का भी हुनर बखूबी आ रहा है,कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने प्रस्तुत किया,प्रतिवेदन एएमओ डॉक्टर यूएस बैठा ने प्रस्तुत कर फर्स्ट एड प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी,कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ने किया।



**इन प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**
**आरजीके की टीम दो ग्रुपों में रही अव्वल**

प्रतियोगिता में बेस्ट कैप्टन का खिताब प्राइवेट ग्रुप में संचेती कोल माइनिंग कंपनी केतकी के कर्मचारी नमन श्रीवास्तव जबकि बेस्ट मेंबर का खिताब संचेती कोल माइनिंग के कर्मी अरुण प्रजापति को मिला जबकि टीम ए से बिश्रामपुर-आमगांव रनर,आरजीके विनर,अखलेश पटेल कुमदा को बेस्ट मेंबर,नीतीश कुमार आरजीके को बेस्ट कैप्टन,टीम बी से बिश्रामपुर-आमगांव रनर, आरजीके विनर,विक्की कुमार मंडल बेस्ट मेंबर,उमा शंकर बेस्ट कैप्टन,टीम सी से आरडब्लूएस रनर,सेंट्रल हॉस्पिटल विनर,बेस्ट मेंबर रणजीत,बेस्ट कैप्टन इंदु रही,जिन्हें मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,जबकि बेस्ट स्ट्रेचर ड्रिल टीम ए से आरजीके सब एरिया जबकि टीम बी से कुमदा सब एरिया,टीम सी की महिला टीम एरिया हेड क्वार्टर ने खिताब जीता,ध्वजारोहण व आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन संपन्न हुआ,एकदिवसीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कुमदा सहक्षेत्र की पूरी टीम ने सक्रिय रहकर आयोजन को संपन्न कराया।

## सरगुजा और बस्तर के जंगल हमारी पहचान बचाकर रखना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत परंपरागत वैद्य सम्मेलन एवं हर्बल मेला रजत वाटिका वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हरितिमा गेऊर नर्सरी में किया गया। वन परिक्षेत्र राजपुर एवं वन मंडल बलरामपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम के दौरान जिले भर से आए पारंपरिक वैद्यों ने क्रमवार अपने अनुभव, औषधीय ज्ञान और स्थानीय जड़ी-बूटी संरक्षण से जुड़े सुझावों को साझा किया। वन विभाग की रजत जयंती के अवसर पर प्रथम बार



आयोजित यह सम्मेलन पारंपरिक चिकित्सा पद्धति, जड़ी-बूटियों के संरक्षण और जंगल आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरगुजा और बस्तर संभाग के जंगल हमारी पहचान हैं, इन्हें बचाकर रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है। वन विभाग अकेले जंगल नहीं बचा सकता, इसके लिए ग्रामीणों और विभाग का सामूहिक सहयोग आवश्यक है।

## गाइडलाइन में बढ़ोतरी से प्रतापपुर में रजिस्ट्री ठप, कम लोग पहुंच रहे कार्यालय

**प्रतापपुर।** प्रदेश में नई गाइडलाइन लागू होने के बाद जमीन और मकानों की रजिस्ट्री कई गुना महंगी हो गई है। दरों में अचानक 10 गुना तक की बढ़ोतरी होने से रियल एस्टेट से लेकर आम नागरिक और किसानों तक पर सीधा आर्थिक असर पड़ा है।

नई दरों के कारण जमीन खरीदने पर टैक्स व शुल्क काफी बढ़ गए हैं। एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री पर अब बहुत अधिक राशि चुकानी पड़ रही है, जिसके चलते प्रतापपुर रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई है और जमीन खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया काफी धीमी हो गई है। कई लोग रजिस्ट्री को फिलहाल टाल रहे हैं। प्रतापपुर क्षेत्र में अभी तक नई गाइडलाइन के खिलाफ कोई औपचारिक विरोध-प्रदर्शन नहीं हुआ है। लेकिन महंगी रजिस्ट्री के कारण लोग स्वयं ही कार्यालय नहीं पहुंच रहे, जिससे रजिस्ट्री कार्य ठप जैसी स्थिति बन गई है। अचानक की गई बढ़ोतरी का असर मध्यम वर्ग, किसानों और छोटे खरीदारों पर सबसे ज्यादा पड़ा है। लोगों का जमीन खरीदना और रजिस्ट्री कराना अत्यधिक महंगा हो गया है, जिससे बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।



## कदौरा में 60 से 65 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कदौरा में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण बैठक के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही निवासी बीरेंद्र गुप्ता पिता विजय गुप्ता ने लगभग 60 से 65 एकड़ शासकीय (पेट) भूमि को गलत तरीके से अपने नाम दर्ज करा लिया है और इसी आधार पर कई वर्षों से धान बेचने का कार्य कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और भ्रम पैदा कर शासकीय भूमि का निजी लाभ लिया जा रहा था।

बैठक में मामले की स्पष्टता के लिए पटवारी अजेंद्र टोप्पो को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि उनका पदस्थापन वर्ष 2025 में हुआ है, इसलिए पूर्व पटवारी द्वारा की गई दर्जियों और कार्यवाही की जानकारी उन्हें नहीं है। इस जवाब से ग्रामीण असंतुष्ट हो गए और तत्काल पूरे प्रकरण की सूचना तहसीलदार राजपुर को दी गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार कावेरी मुखर्जी स्वयं ग्राम कदौरा पहुंचीं और विवादित स्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बीरेंद्र गुप्ता के नाम किसी भी प्रकार का भूमि रकबा दर्ज नहीं है, इसके बावजूद वह नियमित रूप से धान विक्रय कर रहा था, जो नियमों के विपरीत है। निरीक्षण उपरांत तहसीलदार ने दौरा मंडी प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने तक बीरेंद्र गुप्ता से धान की खरीदी न की जाए। इस निर्णय के बाद बीरेंद्र गुप्ता और मंडी मैनेजर के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके चलते मंडी मैनेजर ने डवरा चौकी प्रभारी को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी बीरेंद्र गुप्ता को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय राजपुर में पेश किया।



- तहसीलदार ने किया स्थल निरीक्षण, आरोपी जेल भेजा गया



# सेना की वर्दी पहने नजर आए सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चाओं में हैं। लद्दाख में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद टीम ने मुंबई में भी अपना एक शेड्यूल पूरा कर लिया है। शूटिंग के दौरान सलमान की कुछ फोटोज भी सामने आई हैं। अब इन दिनों सलमान और चित्रांगदा की एक और तस्वीर शूटिंग से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की एक तस्वीर वायरल है। यह तस्वीर 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के सेट से ही है। इस तस्वीर में सलमान और चित्रांगदा दोनों ही भारतीय सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# सान्या
## बनीं बेस्ट एक्ट्रेस, फेस्ट में मिला सम्मान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था। इस इवेंट में ओटीटी और फिल्म जगत के कुछ बड़े नामों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने फिल्म 'मिसेज' में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनके साथ उन्होंने लिखा, "आपकी लड़की ने 'मिसेज' का खिताब जीत लिया। मैं आप सभी के प्यार की बहुत-बहुत आभारी हूं, जिसने हमारी फिल्मों पर प्यार बरसाया। फिल्म 'मिसेज' को इस तरह से अपनाने के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद।" सान्या की इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज की बधाइयों की बौछार हो रही है। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री सान्या, जिन्होंने आमिर खान की फिल्म दंगल से अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2025 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मिसेज' ने दर्शकों में गहरी छाप छोड़ी थी। इसने मनोरंजन करने के साथ-साथ एक गहरा संदेश भी दिया था। फिल्म की कहानी शादी करके ससुराल पहुंची महिला के रोजमर्रा की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में दिखाया गया है कि ऋचा नाम की एक महिला अपने परिवार के साथ-साथ सपनों को भी पूरा करना चाहती है, लेकिन ससुराल में बने नियम-कानूनों के कारण वह सिर्फ घर के कामों में फंस जाती है। फिल्म के आखिर में वह इन बंधनों को तोड़कर अपने सपनों को पूरा करके जीवन की शुरुआत करती है।

हॉलीवुड मसाला



# वार्नर ब्रदर्स... खरीदने की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के सबसे जाने-माने स्टूडियोज में से एक, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को नेटफ्लिक्स ने खरीदने की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के इस कदम ने मनोरंजन जगत में खलबली मचा दी है, क्योंकि वार्नर ब्रदर्स अपने आप में बड़ा नाम है और अब नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर काम करने से दर्शकों को और अच्छा कंटेंट देखने को मिल सकेगा। नेटफ्लिक्स ने लगभग 82.7 अरब डॉलर की डील के साथ वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) को खरीदा है। ये दोनों कंपनियां मिलकर वैश्विक स्तर पर मनोरंजन जगत की बड़ी कंपनी बनकर उभरेंगी।



# केली की जिंदगी रोशनी और सन्नाटे की दास्तान

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ग्रेस केली की जिंदगी किसी परीकथा की तरह शुरू हुई और एक ट्रैजेडी पर आकर थम गई। उनकी कहानी उस रोशनी और सन्नाटे की दास्तान है, जिसमें एक अभिनेत्री अपनी कला, अपनी इच्छाओं, अपनी पहचान और अपने भाग्य के बीच लगातार संघर्ष करती रही। फिलाडेल्फिया में 12 नवंबर 1929 को जन्मी ग्रेस को मंच से लगाव था। उन्हें लगता था कि कैमरा उनके सामने आते ही दुनिया थोड़ी शांत हो जाती है। अभिनय उनके लिए शौक नहीं, एक तरह का सुकून था—एक जगह जहां वे खुद को संपूर्ण महसूस करती थीं। यही भावना उन्हें ब्रॉडवे से हॉलीवुड लेकर आई और वहीं से उनका सितारा इतनी तेजी से चमका कि मात्र कुछ वर्षों में वे दुनिया की सबसे चर्चित और सम्मानित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।



# तू मेरी मैं तेरा का गाना हम दोनों रिलीज

**मुंबई।** फिल्म के हाई-एनर्जी पार्टी एंथम के बाद अब सारेगामा, धर्मा प्रोडक्शंस और नमाह पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को एक दिल छू लेने वाला, चुलबुला और रोमांटिक ट्रैक 'हम दोनों' तोहफे में दे रहा है। पार्टी के शोर-शराबे से दूर, यह गाना रे और रूमी की मासूम, शरारती और सोलफुल केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाता है। ये गाना दो दिलों के करीब आने की कहानी को इतने प्यारे तरीके से पेश करता है कि ये हर मॉडर्न लेकिन दिल से ओल्ड स्कूल आशिक की प्लेलिस्ट में शामिल होने वाला है। इस गाने को अपनी जादुई आवाज़ दी है शेखर, विशाल ददलानी और श्रुति पाठक ने, जबकि इसका संगीत तैयार किया है सुपरहिट जोड़ी विशाल और शेखर ने। प्यार में डूबी इन लाइनों को लिखा है अन्विता दत्त ने और स्क्रीन पर इस खूबसूरत केमिस्ट्री को सजाया है।



# डकैत के किरदार में डूब गए अक्षय...

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना ने लयारी के माफिया रहमान डकैत का रोल अदा किया है। उन्होंने इस किरदार को इतनी खूबसूरत से निभाया है कि एक पल के लिए दर्शक भूल ही जाते हैं मानो ये अक्षय खन्ना हैं। साथ ही उनका लुक भी दमदार है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना की अदाकारी का ही कमाल है कि फिलहाल सोशल मीडिया पर उनके नाम की चर्चा हो रही है और उन्हें खूब सर्च किया जा रहा है। इस साल फरवरी में रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का रोल निभाकर तारीफें लूटी थीं। मगर, वह तो सिर्फ झांकी थी, असली रंग तो उन्होंने 'धुरंधर' में जमाया है। फिल्म में उन्हें स्क्रीन स्पेस भी काफी अच्छा मिला है, तो वे खूब लाइमलाइट लूट ले गए हैं। आलम ये हो गया है कि अक्षय दर्शकों की फेवरेट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

टीवी मसाला

# सारा-कृष ने हिंदू- मुस्लिम रीति-रिवाज से की शादी

**मुंबई।** सारा खान और कृष पाठक ने इस साल अक्टूबर मे विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत कोर्ट मैरिज की थी। अब कपल ने रीति-रिवाज के साथ शादी रचाई है। सारा और कृष ने हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की है। पहले कपल ने निकाह किया, फिर हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह किया। शादी की खूबसूरत फोटोज कपल ने फैंस के साथ शेयर की हैं। सारा खान और कृष पाठक ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। कोर्ट मैरिज के बाद कपल ने अब निकाह और विवाह करके एक-दूजे का हाथ थामा है। एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए कपल ने लिखा है, 'कुबूल है से सात फेरे तक..., हमारे प्यार ने अपनी खुद की एक स्क्रिप्ट लिखी है और हमारी दोनों दुनियाओं ने कहा-हां'। बता दें कि कृष पाठक अभिनेता सुनील लहरी के बेटे हैं। सुनील लहरी को 1980 के दशक के लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका के लिए जाना जाता है। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, कृष पाठक ने अभिनय में कदम रखा। उन्होंने 'पीओडब्ल्यू- बंदी युद्ध के' और 'ये झुकी झुकी सी नजर' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया।





# प्रियंका ने जाह्नवी के संदेश का किया समर्थन

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में 'वी द विमेन' मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, "बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूं। प्रियंका ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म 'वी द विमेन' का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफगोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और "समानता" के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना जरूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफिट में नजर आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलकित ने किया चंकी के प्रति सम्मान जाहिर



**मुंबई।** हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आगामी रिलीज फिल्म 'राहु केतु' के को-स्टार और अनुभवी अभिनेता चंकी पांडे के प्रति जिस तरह सम्मान जताते हुए सराहना के शब्द कहे, उससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए पुलकित ने कहा, "पहली नज़र में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है।" सीनियर एक्टर चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए पुलकित ने यह भी कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं।

# हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ग्लैमर की चमक




***मुंबई।*** *कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, काशिका ने ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण रचा कि नजरें ठहर जाएं। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो। हर पैटर्न, हर चमक उनके हर कदम के साथ जीवंत हो उठती है। हर तस्वीर मानो किसी सदाबहार फिल्म का स्थिर फ्रेम लगती है,संजीदा, खूबसूरत और बेमिसाल शालीनता से भरा हुआ। लेकिन इस लुक की असली खूबसूरती काशिका की मौजूदगी है। वह सिर्फ गाउन नहीं पहनतीं, वह उसे जीवन दे देती हैं। जब उनके हाथ नरम, बैले-सी मुद्रा में ऊपर उठते हैं और ठोड़ी हल्के-से प्रकाश की ओर झुकती है, तो पूरा माहौल एक मंच की तरह महसूस होने लगता है। उनके मुलायम कर्ल्स, नाजुक और सुरुचिपूर्ण ज्वेलरी, और मेकअप की हल्की, चमकती आभा - सब मिलकर एक ऐसा रूप रचते हैं जो एक साथ क्लासिक भी है और खगोलीय भी।*

# ओटीटी पर मनोरंजन का सैलाब! रिलीज हुई सात नई फिल्में और सीरीज....

***मुंबई।*** *इस वीक कई नई फ़िल्में और सीरीज अलग-अलग ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इनमें रोमांटिक फिल्मों से लेकर डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्में और सीरीज तक सब कुछ शामिल है। आप वीकेंड पर इनका मजा ले सकते हैं, इस कड़ाके की सर्दी में अपने घर पर आराम से चाय की चुस्की लेते हुए।*

**जे. केली - नेटफ्लिक्स :** जॉर्ज क्लूनी और एडम सैंडलर स्टारिंग यह कॉमेडी एक बूढ़े फ़िल्म स्टार की कहानी बताती है, जो अपने डेडिकेटेड मैनेजर के साथ यूरोप की ट्रिप पर निकलता है। फ़िल्म में फ़्लैशबैक का इस्तेमाल किया गया है क्योंकि दोनों अपनी ज़िंदगी के फ़ैसलों और रिश्तों के बारे में सोचते हैं। आप इसे इस वीक नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**द गर्लफ्रेंड - नेटफ्लिक्स :** रश्मिका मंदाना और दीक्षिता शेट्टी की क्रिटिक्स द्वारा सराही गई फ़िल्म "द गर्लफ्रेंड" को थिएटर में दर्शकों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं, जिससे दर्शक घर पर फ़िल्म का मज़ा ले सकते हैं। फिल्म 5 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई।

**द ग्रेट प्री-वेडिंग शो - जी5 :** तिरुवीर-स्टारर "द ग्रेट प्री-वेडिंग" को इसकी दिल को छू लेने वाली गांव की कहानी के लिए बहुत तारीफ



मिली थी। थिएटर में पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, जी5 ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं। फिल्म 5 दिसंबर, से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

**डाइस एरा - जियो हॉटस्टार :** राहुल सदाशिवन द्वारा डायरेक्टेड और प्रणव मोहनलाल स्टारिंग, डाइस एरा एक इंटेंस, सस्पेंस और डरावनी कहानी पेश करती है। जियो हॉटस्टार ने ओटीटी राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए कई भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। जियो हॉटस्टार पर 5 दिसंबर से स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है।

**स्टीफन - नेटफ्लिक्स :** स्टीफन एक एंटरटेनिंग तमिल थ्रिलर है, जिसमें गोमती शंकर, माइकल थंगादुरई और स्मृति वेंकट स्टारिंग हैं। यह अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने स्ट्रीमिंग राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म सीधे दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

**कुट्टाराम पुरिंधवन - सोनी लीव :** कुट्टाराम पुरिंधवन एक तमिल क्राइम थ्रिलर है। पशुपति भास्कर नाम के एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो एक मुश्किल केस की इन्वेस्टिगेशन में फंस जाता है। यह 5 दिसंबर को सोनीलीव पर स्ट्रीम हुई है।



## खबर संक्षेप

### डीईओ ने किया गर्ल्स मिडिल स्कूल का निरीक्षण

**घरघोड़ा।** जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारी केव्ही राव ने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए संचालित कक्षाओं में छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए भाषा गणित विज्ञान से संबन्धित प्रश्न पूछे। विद्यालय में क्रियान्वयन किए जा रहे स्कूली योजनाओं का अवलोकन किया। कन्या माध्यमिक विद्यालय केंद्र घरघोड़ा में संचालित प्रयास परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हेतु निरन्तर प्रयास करने के लिए छात्राओं से चर्चा करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी को अपने मध्य विषयों से चर्चा करते हुए छात्राओं के मध्य उत्साह का वातावरण बना एवं छात्राओं ने भी उनके पूछे गए प्रश्नों के उत्तर तत्परता से देने का प्रयास किया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी छात्रवृति शैलेन्द्र कर्ण समग्र शिक्षा के एपीसी भुवनेश्वर पटेल एवं संस्था के प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा एवं नरेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

### अभिनव स्कूल के छात्र बने वालीबाल में चैंपियन

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर उमावि पुसौर ने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीन खेल स्पर्धा 2.0 में व्हालीबाल में शाउमा सराईपाली को 2.0 से हराकर चैम्पियन बना। व्यायाम निर्देशक राहूल वैष्णव ने बताया कि व्हालीबाल में कुल 16 टीम हिस्सा लिए थे। अभिनव विद्या मंदिर के खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर फायनल में जगह बनाई। अभिनव विद्या मंदिर के खिलाड़ी में अभिषेक गुप्ता पीयुष सरल सतीश गुप्ता कृष्णा प्रधान रूपेश भोय समीर बारीक नरेश भोय वेद प्रकाश सेठ ने अपना उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन कर अभिनव विद्या मंदिर को फायनल मैच में विजय दिलायी। साथ ही साथ अभिनव विद्या मंदिर पुसौर बिजनेश क्वीज प्रतियोगिता में 12वीं वाणिज्य संकाय लखन डनसेना एवं प्रिंस सिदार तृतीय स्थान पर रहे। इस अंतर्विद्यालयीन खेल स्पर्धा में बच्चों के साथ ओपी जिंदल युनिवर्सिटी में विद्यालय के शिक्षक जगन्नाथ प्रधान, राहूल वैष्णव, कु. ललिता पटेल उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन...

की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विधायक ने लोकगीत गाकर बच्चों के साथ किया नृत्य- जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने बच्चों को प्रेरित करते हुए नंबर वन बनने की सलाह दी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अन्य महान लोगों की तरह हम भी महान बन सकते हैं क्योंकि सबकी तरह हमारे भी हाथ पांव नाक कान हैं हमें अच्छी सोच के साथ अच्छे कार्य करना है आगे बढ़ना है और देश को आगे बढ़ाना है माननीय विधायक में अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी बच्चों को गीत के माध्यम से बतायी तो बच्चे झूम उठे इनके गीत पर बच्चियों नें मांदर बजाया और विधायक मैडम के साथ नृत्य भी किये। विद्यालय स्तर से चयनित 18 प्रतिभागियों का 4 राउंड में प्रतियोगिता हुई जिसमें से विजेता-उपविजेता व चयनित 8 प्रतिभागियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। शतरंज प्रतियोगिता अंतर्गत राजवर्धन पीएमश्री सेजेस मनोरा ने विजेता और मनीष राम हाई स्कूल शैला से उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में बालक बालिका 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, गेदी दौड़, फुगड़ी नाच,, वॉलीबॉल,कबड्डी, खो-खो रस्साकस्सी प्रतियोगिता ने 310 प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी सुनिश्चित की जिसमे से सभी खेल विधा से प्रथम एवं द्वितीय चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किये गये। कार्यक्रम अंतर्गत सामुहिक लोक नृत्य-गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य-गीत, कहानी, कविता, चित्रकला प्रतियोगिता विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद पर स्टाल के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसके अंतर्गत 186 प्रतिभागियों ने हिस्सदारी सुनिश्चित की एवं विधा अनुसार प्रथम एवं द्वितीय चयनित प्रतिभागियों को मुख्य अथिति के कर कमलों से पुरस्कृत किये गये। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित संचालित करने में एबीईओ जगतपाल, बीआरसीसी आशुतोष शर्मा, कार्यक्रम कवरेज प्रभारी प्रवीण पाठक, मंडल संयोजक मनोज सिंह ,अधीक्षक विनोद भगत, उल्लास प्रभारी विपिन विकास खरे, संशोधन मिंज प्राचार्य आत्मानंद विद्यालय मनोरा, कविता-कहानी लेखन-पेंटिंग प्रभारी किशोर यादव, मंच,पुरुस्कार व्यवस्था प्रभारी प्रेमलाल बर्मन, महेंद्र नाथ सिंह, अजीत सिदार पी.टी.आई.-सुमन एक्का, प्रतिमा खेस, राजेश मिंज एवं खेलकूद सम्पन्न कराने में ड्यूटी में संलग्न सभी कर्मचारी एवं विशष रुप से सभी संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों का योगदान सराहनीय रहा तथा कायालयीन समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग मिला।

### लिमिट बढ़ाने की उठ रही मांग, विधायक उत्तरी जांगड़े पहुंचीं समर्थन में

# संकट में किसानों का टोकन, हंगामा के साथ सड़क पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

सेवा सहकारी समिति कोसीर के उप धान खरीदी केंद्र रक्शा में शनिवार को टोकन काटने में आ रही समस्या को लेकर सैकड़ों किसान आक्रोशित हो गए। किसानों ने पहले मंडी के पास कोसीर सारंगढ़ मार्ग पर चक्का जाम करने के उद्देश्य से बैठ गए थे। सूचना मिलते ही कोसीर पुलिस मौके पर पहुँची और किसानों को समझाइश दी, जिसके बाद सभी धान खरीदी केंद्र में पहुंचे। इसी बीच सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े भी किसानों के समर्थन में मौके पर पहुंचीं।

**खास बातें**

- कलेक्टर को पत्र लिखकर खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग

उन्होंने केंद्र में मौजूद कर्मचारियों को सभी किसानों के टोकन जारी करने के निर्देश दिए, परंतु कर्मचारियों ने सिस्टम की लिमिट का हवाला देते हुए एक साथ सभी किसानों के टोकन काटने में असमर्थता जताई। स्थिति बिगड़ते देख विधायक प्रतिनिधि गणपत जांगड़े ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा करते हुए तत्काल समाधान की मांग की। बातचीत के बाद कर्मचारियों ने किसानों के टोकन काटने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बावजूद किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक खरीदी की सीमा और ऑनलाइन टोकन की लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे।


उप खरीदी केन्द्र के बाहर प्रदर्शन करते किसान और समर्थन में पहुंची विधायक।

विधायक ने भी किसानों की समस्याओं को उचित बताते हुए कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह स्वयं किसानों के साथ आंदोलन में उतरेंगी। उन्होंने वर्तमान स्थिति के लिए शासन प्रशासन की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए दर दर भटक रहे हैं। किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए विधायक जांगड़े ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ऑफलाइन टोकन व ऑनलाइन टोकन कटने की लिमिट और धान खरीदी सीमा में तत्काल वृद्धि करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तीव्र होगा।



## नए-नए फरमान से बढ़ी किसानों की समस्या, पनप रहा आक्रोश

**सारंगढ़।** सरकार और सेवा सहकारी समिति के नए-नए फरमान के कारण किसान बहुत परेशान है। इन समस्याओं को लेकर किसान आक्रोशित है धान बेचने के लिए टोकन काटने के लिए समिति को अधिकृत नहीं किया गया है। कहने को तो सरकार किसानों को सुविधा देने के लिए टोकन तूंहर हाथ नाम का ऐप लॉन्च किया है, लेकिन वह भी लगभग फ्लाप एप साबित हो रहा है। जिसको लेकर किसान काफी परेशान है। एप अक्सर खुलता ही नहीं है और जहां नेटवर्क नहीं है वहां के किसानों को परेशानी हो रही है। एप अगर खुल भी जाता है तो उसमें जो लिखा रहता है जो हिंट दिया जाता है उसको किसान समझ ही नहीं पाते हैं। जिसके कारण किसान भटकते रहते हैं। इसके साथ-साथ कई किसानों के रकबा काट दिए गए हैं तो कहीं धान के खेतों में किसी अन्य फसल की खेती लिख दी गई है जिससे किसानों के रकबा कट गए हैं। किसान पटवारी तहसीलदार और सहकारी समिति के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो गए हैं। पूर्व में दो से दो हजार क्विंटल खरीदी का लिमिट सहकारी समितियों को दिया गया था और टोकन सहकारी समितियों मे ही कट जाती है। विपरीत इसके इस बार घटाकर उसे एक हजार क्विंटल कर दिया गया है। समितियों को टोकन काटने अधिकृत नहीं किया गया है जिससे किसा धान बिक्री का लेकर आशंकित हैं।

### स्वच्छता, बाल विवाह एवं नशामुक्ति पर दिया जागरूकता संदेश

## एनएसएस–यूनिसेफ द्वारा संयुक्त ग्राम संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा–सुरक्षित लईकामन 3.0 के अंतर्गत शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा द्वारा ग्राम संपर्क एवं जनजागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शरद कुमार नेताम के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की टीम ने महादेवडांड पहुंचकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, बाल विवाह की कुप्रथा, नशामुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली के विषय में लोगों को जानकारी दी। टीम ने गांव के प्रमुख चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक, जनगीत और समूह प्रस्तुति के माध्यम से समाज को प्रेरक संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक में बाल विवाह के दुष्परिणाम, शिक्षा के महत्व, स्वच्छ परिवेश की आवश्यकता तथा नशे से होने वाली सामाजिक और पारिवारिक हानियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।




प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जरूरत है कि समाज के हर वर्ग तक सही जानकारी पहुंचे, तभी सुरक्षित पारा और सुरक्षित लईकामन का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। वहीं डॉ. राजीव रंजन तिग्गा ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य युवा शक्ति को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना है और ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सेवा भावना का विकास करते हैं।

ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हुआ। यह संपर्क अभियान क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### 10-12 वीं में ज्यादा अंक पाने वालों की सूची जारी

**रायगढ़।** क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। ऐसे दिव्यांग छात्र छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सूची के संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र छात्रा को आपत्ति हो तो वे समुचित प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ में 12 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं में माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में अभिनव विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़ की छात्रा कु.सत्यरेखा भास्कर 95.5 प्रतिशत एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरडा, घरघोड़ा के छात्र ओम गोपाल राठिया 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा कक्षा 12 वीं में शाकउमावि लैलूंगा से कु. रूकमणी 94 प्रतिशत के साथ अन्य शामिल है।

## माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने अवैध खनन कर रहे पोकलेन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई करते हुए सरिया तहसील के नौघटा-छैलफोरा क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज डोलोमाईट के अवैध उत्खनन में संलिप्त पोकलेन मशीन पर जब्त की।

खनिज जांच नाका टिमरलगा के प्रभारी द्वारा गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एआर 9418 पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार शुक्रवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए सरसींवा क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन (हाईवा) क्रमांक सीजी 09 जेएफ 9041 पर कार्रवाई करते हुए थाना सरसींवा के सुरक्षार्थ में दिया गया।



भटगांव क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज रेत एवं चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए थाना भटगांव के सुरक्षार्थ में दिया गया। बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन टीपर पर कार्रवाई करते हुए थाना बिलाईगढ़ के सुरक्षार्थ में दिया गया। यह कार्रवाई छुत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई।

### अभिनव विद्या मंदिर का जायजा लेने पहुंचे अपर संचालक

**पुसौर।** 5 दिसंबर को राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद के अपर संचालक जेपी रथ अभिनव विद्या मंदिर उमावि पुसौर के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे थे। इस अवसर पर दोनों माध्यम के प्राचार्य हिन्दी माध्यम से अक्षय कुमार सतपथी अंग्रेजी माध्यम से श्रीमती मंजूलता गुप्ता श्रीमती कामिनी शर्मा एवं अभिनव सतपथी ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । श्री रथ स्कूल के दोनों माध्यम के बच्चों से भी मिले। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ विद्यालय में उपस्थित रहे। श्री रथ द्वारा निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं स्कूल व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की।

## स्कूली बच्चों ने मन्दिर, गुरुद्वारा, बैंक, पोस्ट ऑफिस व अस्पताल का किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जशपुर रोड में स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल के प्री नर्सरी , नर्सरी के बच्चो को गुरुद्वारा , श्याम मंदिर के.जी.1 के बच्चो को पोस्ट ऑफ़िस के.जी.2 के बच्चो कों अस्पताल और क्लास 1से लेकर 5वी के बच्चों को बैंक का भ्रमण कराया। इन स्कूली बच्चों को मन्दिर, गुरुद्वारा सहित सरकारी विभाग ले जाने का मुख्य मकसद बच्चों का बौद्धिक विकास करना है। डायरेक्टर सन्नी भाटिया एवं हरनिस कौर भाटिया ने बताया कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा पिछले पांच दिनों से लगातार बारी बारी से स्कूल के बच्चो को मन्दिर, गुरुद्वारा, अस्पताल, बैंक और पोस्टऑफिस दिखाने ले जाया गया। हमारी सोच ये रही कि हम अपने स्कूल के बच्चो को पढ़ाई के साथ अन्य महत्वपूर्ण चीजों को नजदीक से देखने एवं जानने का मौका दें।

## शतरंज प्रतियोगिता के हर्ष रहे विजेता

**पत्थलगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते हुए हर्ष साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि विराट यादव, सतीश तिग्गा, राधेश्याम, नमन शर्मा, सुखसागर, तीरथ नाग और सचिन टोप्पो विजयी प्रतिभागियों की सूची में शामिल रहे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिला महामंत्री भाजपा मनीष अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय लोहिया, मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, मंडल महामंत्री नरेश यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरुण यादव, भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र अग्रवाल



एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य की विशिष्ट उपस्थिति रही। इसके अलावा क्षेत्र के समस्त प्रधान पाठक एवं व्यायाम शिक्षक भी प्रतियोगिता में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शतरंज संघ के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता और विद्यालय के पीटीआई अनिल श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। दोनों ने प्रतिभागियों को नियम, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी विजयी एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पूर्व जिपं सदस्य आकाश पहुंचे धान खरीदी केन्द्र

**पुसौर।** किसानों को धान बिक्री में हो रही असुविधाओं को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा पुसौर क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रों में जाकर किसानों से रूबरू हो रहे हैं। वहीं संबंधित प्रबंधक एंव संचालक मण्डल से भी बात कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ धान खरीदी केन्द्रों में वहां कार्य कर रहे लोगों के साथ ही किसानों के प्रति भी ऐसे रास्ते अपनाए गए हैं जो कि किसी भी प्रबंधन के खिलाफ जा सकता है।

ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना को देखते हुए छिछोर उमरिया, पडिगांव, कोडपाली सहित अन्य उप केन्द्रों की भी मुआयना किया। जिसमें इन्होंने कहा कि किसानों के ये साल भर की कमाई होता है इसमें वह इलाज, रोज के दाल मसाला सब्जी, तेल, बच्चे का फीस कपडे, आदि का खर्च वहन करते है ऐसे स्थिति में किसान को अधिक से अधिक कैसे लाभ हो इसके लिए धान खरीदी केन्द्रों को आगे आने की जरूरत है। चूंकि शासन धान खरीदी के लिए कमीशन देती है, तौलाई के लिए पैसे देती है और छोटे बडे सभी खर्च जब शासन स्तर से हो रहा है तो किसान को उसके धान के एक एक दाना का पैसा उसके घर जाना चाहिए । ज्ञात हो कि शासन का यह निर्देश रहा है कि किसान धान लेकर केन्द्र आएगा उसके बाद उसका काम केन्द्र में नहीं है तौलाई भराई आदि सभी शासन के खर्च में होना है, 40 किलो कट्टे के तौल में सूखत के रूप में 400 ग्राम तक ही लेना है।

### बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे कराया अवगत

# जिला जेल के कैदियों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल रायगढ़ में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, स्वास्थ्य विभाग के टीम, जिला जेल रायगढ़ एवं एनजीओ निश्चय समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे अवगत कराते हुए, इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास करने के लिए जानकारी दिया गया। चिकित्सक द्वारा जेल मे निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के द्वारा जागरूकता शिविर में बंदियों को प्राप्त होने वाले निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों को आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत को देखते हुए, राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार, प्रतिधारक अधिवक्ता मुकेश गोयल, जेल अधीक्षीका शोभा रानी, जिला चिकित्सा से काउंसलर श्रीमती कान्ति तिवारी, पुष्पा पटेल, एवं लेब टेक्नीशियन मनोज प्रधान, प्रोग्राम मैनेजर रूमाबोस एवं हेमन्त तिवारी, तथा पैरालीगल वालिंटियर हरीश षडंगी, आयुश देवांगन, मोनू पटेल और जेल में निरूद्ध बंदी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे भी साथ में थे। कलेक्टर ने वहां के रसोई और परिसर के साफ सफाईए बच्चों के लिए मच्छरदानी, प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही बच्चों से पढ़ाई के बारे में बातचीत किया। बालिकाओं से कलेक्टर ने आगामी परीक्षा की तैयारी के संबंध में क्या रणनीति बनाएं इसकी जानकारी लेते हुए उनके कोर्स के बारे में पूछताछ किया। बालिकाओं ने अपनी तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता और भोजन की क्वालिटीए स्वाद के संबंध जानकारी लिया।

